

**आयोजक कमेटी – देवासी संकल्प सेवा संस्थान, राजस्थान**

## स्तर : महाविद्यालय

इस पुस्तिका में 8 पृष्ठ हैं।

This Booklet contains 8 pages

**इस प्रश्न पत्र को तब तक न खोले जब तक कहा न जाए।**

**Do not open this question paper until you are asked to do.**

### महत्वपूर्ण निर्देशः

1. प्रश्न पत्र के इस पृष्ठ पर आवश्यक विवरण नीले/काले बॉल पाइन्ट पैन से तत्काल भरें। पेन्सिल का प्रयोग बिल्कुल वर्जित है।
2. परीक्षार्थी अपना रोल नम्बर निर्धारित जगह के अतिरिक्त परीक्षा पुस्तिका/उत्तर पत्रक पर कहीं और न लिखें।
3. परीक्षा की अवधि 2 घण्टे 30 मिनट है।
4. इस परीक्षा पुस्तिका में 150 प्रश्न है। अधिकतम अंक 150 है।
5. सभी प्रश्नों के उत्तर दे।
6. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
7. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
8. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) अंकित किया गया है। प्रतिभागी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर **नीले बॉल प्वांइट पेन** से गहरा करना है।
9. गलत उत्तर के लिए **नकारात्मक अंकन नहीं** होगा।
10. रफ कार्य प्रश्न पत्र में केवल निर्धारित जगह पर ही कीजिए।

### Important Instructions :

1. Fill the necessary detail immediatly on this page of the queston paper with Blue/Black Ball point pen. Use of pencil is trictly prohibited.
2. The candidates should not write their form number anywhere else (except in the specified space) on the test booklet/answer sheet.
3. Duration of examination is 2.30 minutes.
4. The test booklet consists of 150 questions. The maximum marks are 150.
5. Answer all the questions.
6. All questions have equal marks.
7. Give only one answer to each question. In case of giving more than one answer, the answer to the question will be considered wrong.
8. Four alternative answers have been given to each question, which are marked (A), (B), (C), (D) respectively. The participant has to darken only one of the circles or bubbles on the answer sheet with a blue ball point pen, indicating the correct answer.
9. There will be **no negative marking** for wrong answers.
10. Rough work is to be done on the space provided for this purpose in the question paper only.

SEAL

परीक्षार्थी का नाम : Vijay Dewasi

Name of the Candidate (In Capital Letters) : ____________

रोल नम्बर : अंकों में : ____________

Roll No. : In figures : ____________

शब्दों में : ____________

In words : ____________

परीक्षा केन्द्र : ____________

Centre of Examination (In Capitals Letters) : ____________

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : ____________ निरीक्षक के हस्ताक्षर : ____________

Candidate's Signature : ____________ Invigilator's Signature : ____________

01. नागौर बीकानेर के बीच 1642 ईस्वी मे मतीरे की राड युद्ध में कौनसा योद्धा शहीद हुआ था
(A) आसूमल राईका (B) रायमल राईका
(C) बीजा रायका (D) भारमल राईका

02. भारत पाकिस्तान किस युद्ध मे रणछोड पागी ने घने अंधेरे मे जंगल मे छिपे 1200 दुश्मन के सैनिको के स्थान का पता लगाया
(A) 1948 ई (B) 1965 ई.
(C) 1971 ई (D) 1999 ई.

03. ओटाराम देवासी को वर्तमान मे राजस्थान सरकार के किस विभाग के राज्य मंत्री है
(A) उद्योग एवं वाणिज्य विभाग
(B) राजस्व विभाग
(C) बाल अधिकारिता विभाग
(D) पंचायतीराज और ग्रामीण विकास विभाग

04. श्री जेतेश्वर जी का जन्म किस विक्रम संवत मे हुआ था ?
(A) विक्रम संवत 1743 (B) विक्रम संवत 1775
(C) विक्रम संवत 1763 (D) विक्रम संवत 1735

05. राजस्थान की देवासी समाज की प्रथम महिला आर.ए.एस. अधिकारी कौन है?
(A) चन्द्रकला देवासी (B) मंजू देवासी
(C) गीता बेन (D) लक्ष्मी देवी

06. सबसे छोटी विषम अभाज्य संख्या कौनसी होगी
(A) 1 (B) 3 (C) 2 (D) 5

07. समान्तर श्रेणी 2, 6, 10, 14, 18 का N वाँ पद 78 है तो का मान होगा।
(A) 20 (B) 30 (C) 22 (D) 25

08. यदि मीनार की छाया की लम्बाई इसकी ऊँचाई के बराबर है तो सूर्य का उन्नयन कोण कितना होगा।
(A) 180° (B) 360° (C) 90° (D) 270°

09. ताश की एक गड्डी में से एक पता यादृश्चिक निकाला जाता है तो उसमे ईट का पता होने की क्या प्रायिकता होगी।
(A) 1/4 (B) 1/2 (C) 1/3 (D) 0

10. क्रिकेट की एक टीम के ग्यारह खिलाडियों ने एक पारी में 14,34,6,34, 28, 102, 0, 25, 34 11 रन बनाये हो तो इसकी माध्ययिका ज्ञात करो
(A) 25 (B) 34 (C) 28 (D) 14

11. 8 सेमी त्रिज्या वाले एक वृत के अन्तर्गत बने वर्ग का क्षेत्रफल कितना होगा।
(A) 128 वर्ग सेमी (B) 125 वर्ग सेमी
(C) 256 वर्ग सेमी (D) 250 वर्ण सेमी

12. 42 cm व्यास वाले गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना होगा ?
(A) 5544 वर्ग सेमी (B) 5500 वर्ग सेमी
(C) 5520 वर्ग सेमी (D) 5520 वर्ग सेमी

13. एक समकोण त्रिभुज जिसका आधार 10 सेमी और ऊँचाई 5 सेमी हो तो त्रिभुज का परिमाप बताइये।
(A) 30 सेमी (B) 25 सेमी
(C) 17 सेमी (D) 7 सेमी

14. 1 से 400 तक समस्त सम सख्याओ का योगफल निकाले–
(A) 40200 (B) 40100
(C) 40000 (D) 39900

15. यदि किसी वर्ग की भुजा दुगुनी कर दी जाये तो क्षेत्रफल कितना हो जायेगा।
(A) 2 गुना (B) 4 गुना (C) 8 गुना (D) 16 गुना

16. राष्ट्र संघ का जनक किसे कहा जाता है?
(A) वुडरो विल्सन (B) विलियम केसर
(C) लायड जार्ज (D) हिटलर

17. हड़प्पा सभ्यता के किस स्थान से प्रसिद्ध कांसे की नर्तकी की मूर्ति मिली है।
(A) हड़प्पा (B) कालीबंगा
(C) धोलावीरा (D) मोहनजोदडो

18. 1857 ई विद्रोह समय भारत का मुगल शासक कौन था?
(A) बहादुर शाह जफर प्रथम (B) बहादुरशाह जफर द्वितीय
(C) शाहआलम प्रथम (D) शाह आलम द्वितीय

19. "मैं ही राज्य हूँ" नामक प्रसिद्ध वक्तव्य किस फ्रांसीसी शासक का था?
(A) लुई XIII (B) लुई XIV
(C) लुई XV (D) लुई XVI

20. निष्क क्या है?
(A) चांदी का सिक्का (B) ताम्बे का सिक्का
(C) सोने का सिक्का (D) काँसे का सिक्का

21. स्वतंत्रता के समय भारत मे कुल कितनी रियासते थी?
(A) 300 (B) 365
(C) 430 (D) 562

22. संविधान सभा की प्रथम बैठक कब हुई?
(A) 11 दिसम्बर, 1946 (B) 09 दिसम्बर, 1946
(C) 13 दिसम्बर, 1946 (D) 06 दिसम्बर, 1946



23. मेसोपोटामिया किस भाषा का शब्द है? जिसका अर्थ होता है– "दो नदियों के काम की भूमि"
(A) यूनानी भाषा (B) सुमेरियन भाषा
(C) अक्कदी भाषा (D) सुमेरी भाषा


*रफ कार्य के लिए*

24. प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी के साथ कौनसी संधि की गई?
(A) ट्रियाना संधि (B) सेब सन्धि
(C) न्यूइली सन्धि (D) वर्साय सन्धि

25. "ग्रेट बेरियर रीफ" नामक प्रवाल भित्ति किस महादीप से संबधित है?
(A) यूरोप (B) अटार्कटिका
(C) अफ्रीकन (D) आस्ट्रेलिया


26. निम्न में से कौनसा आलेख कम्प्यूटर, फोटोकॉपी मशीन, और कार्यालय उपकरण मे संबध दर्शाता है।



(A)  (B) 



(C)  (D) 

27. यदि PEN=35 और HEN=27 होतो MEN का मान क्या होगा?
(A) 30 (B) 32 (C) 36 (D) 39

28. दी गई आकृतियों का जल प्रतिबिम्ब होगा?



(A)  (B) 

(C)  (D) 

29. एक लड़की की ओर इशारा करते हुये विजय कहता है कि उसके भाई की माँ के पति का ससुर है तो विजय उस लड़की से किस प्रकार सबंधित है?
(A) पिता (B) नाना (C) मामा (D) दादा

30. प्रातः काल सोहन व मोहन बगीचे में एक–दूसरे के आमने सामने आ रहे थे सोहन ने देखा कि मोहन की परछाई मोहन के दायी और पड़ रही है तो बताओ मोहन का मुख किस दिशा में है?
(A) उत्तर (B) दक्षिण
(C) पूर्व (D) पश्चिम

31. दिये गए कथनो के आधार पर सही निष्कर्ष चुनिये ?
**कथन –1** : सभी कुत्ते जानवर है।
**कथन –2** : सभी जानवर जंगली है।
**नितकर्यः**
(A) कुछ जंगली कुत्ते हैं। (B) सभी जानवर कुत्ते है।
(C) सभी जंगली कुत्ते है। (D) कोई कुत्ता जंगली नहीं है।

32. नरेश अपने घर से दक्षिण दिशा कि ओर चलना आरम्भ कर बाँयी ओर मुड़ता है तथा कुछ दूरी पर चलकर पुनः बाँयी और मुड़ता है तो बताओ नरेश का मुँह किस दिशा में है?
(A) उत्तर (B) दक्षिण (C) पूर्व (D) पश्चिम

33. वर्तमान में चल रहे विक्रम संवत तथा शक संवत मे कितने वर्षो का अन्तर है।
(A) 25 (B) 55 (C) 15 (D) 35

34. बारह आने तथा एक रुपये मे कितने पैसो का अन्तर होता है?
(A) 50 (B) 75 (C) 25 (D) 10

35. निम्म श्रृंखला में कौनसा पद गलत है?
8, 13, 32, 21, 47, 63, 83
(A) 13 (B) 32 (C) 47 (D) 63

36. हाल ही में रामलला दर्शन योजना प्रारम्भ करने की घोषणा किसने की?
(A) उत्तर प्रदेश (B) राजस्थान
(C) मध्यप्रदेश (D) छत्तीसगढ़

37. विश्व के पहले हेरिटेज रिवर फ्रन्ट का लोकार्पण 12 सितम्बर 2013 को कहां किया गया?
(A) जयपुर (B) उदयपुर
(C) कोटा (D) सीकर

38. हाल के गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का 19वां शिखर सम्मेलन कहां आयोजित हुआ।
(A) इजिप्ट (B) इण्डोनेशिया
(C) यूगांडा (D) भारत

39. मानिनी कौशिक का संबंध किस खेल से है?
(A) निशानेबानी (B) तीरदांजी
(C) क्रिकेट (D) बैडमिन्टन

40. हाल ही में इंदिरा रसोई योजना का नाम बदलकर क्या रखा गया है।
(A) दीन दयाल रसोई योजना (B) श्री अन्न रसोई योजना
(C) अटल रसोई योजना (D) अन्नपूर्णा रसोई योजना

41. हाल ही यूनेस्को ने वर्ष 2023 में किस अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घोषित किया।
(A) भारतनाट्यम (B) घूमर
(C) कत्थक (D) गरबा

42. राजस्थान की 16वीं विधान सभा में कुल कितनी महिलाएँ निर्वाचित हुई है?
(A) 27 (B) 20 (C) 18 (D) 25

43. हमास चरमपंथी गुट किस देश से सम्बन्ध है?
(A) इजरायल (B) ईराक
(C) तुर्की (D) फिलीस्तीन

*रफ कार्य के लिए*

A B C D E F G h I J K m n o P
5 8 12 13 15

44. चन्द्रयान–3 चन्द्रमा की सतह पर कब पहुंचा?
(A) 23 सितम्बर 2023 (B) 14 जुलाई 2023
(C) 14 अगस्त 2023 (D) 23 अगस्त 2023

45. राजस्थान का पहला खनन विश्वविद्यालय कहाँ स्थापित किया जायेगा?
(A) उदयपुर (B) बारां
(C) अजमेर (D) भीलवाड़ा

46. सर्वप्रथम भूगोल शब्द का प्रतिपादन किस विद्वान ने किया?
(A) टालमी (B) इरेतोस्थनीज
(C) एफ रेटजेल (D) हिकेटियस

47. निम्न में से कौनसी नदी अमरकंटक पठार से नहीं निकलती है?
(A) गोदावरी (B) नर्मदा (C) महानदी (D) सोन

48. विश्व का व्यस्तम व्यापारिक जल मार्ग कौनसा है?
(A) भूमध्य सागरीय हिन्द महासागरीय जलमार्ग
(B) उत्तरी अंटलाटिक जलमार्ग
(C) उत्तरी प्रशान्त समुद्री मार्ग
(D) दक्षिण अंटलाटिक समुद्री जलमार्ग

49. निम्न में से कौनसी स्थलाकृति नदी द्वारा निर्मित अपरदनात्मक स्थलाकृति नहीं है?
(A) कैनियन (B) जलगर्तिका
(C) बाढ मैदान (D) समप्राय मैदान

50. शिमोगा लौह अयस्क खान किस राज्य में स्थित है?
(A) कर्नाटक (B) तमिलनाडु
(C) झारखण्ड (D) छत्तीसगढ़

51. माजुली द्वीप कौनसी नदी पर स्थित है?
(A) गंगा (B) यमुना (C) ब्रह्मपुत्र (D) कोसी

52. हिमालय पर्वत की उत्पति काल का सम्बन्ध है?
(A) चर्नियन (B) कैलेडोनियन
(C) हासैनियन (D) अल्पाईन

53. भारत में वन उत्पादकता केन्द्र कहाँ पर स्थित है?
(A) जबलपुर (B) रांची
(C) शिमला (D) देहरादून

54. वाल्मीकि राजकीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
(A) बिहार (B) उत्तरप्रदेश
(C) मध्यप्रदेश (D) महाराष्ट्र

55. निम्न राज्यों में से कम जनसंख्या दर्शकीय वृद्धि वाला राज्य है?
(A) गोवा (B) अरुणाचल प्रदेश
(C) केरल (D) बिहार

56. Barking dogs seldom bite.
(A) do they (B) does thy
(C) they do (D) none

57. The Book _______ you have is mine.
(A) what (B) why (C) which (D) who

58. His work Satisfied me.
(A) I was satisfied by his work.
(B) I was satisfied at his work.
(C) I satisfied his work.
(D) I was satisfied with his work,

59. You eat _______ you May Live.
(A) but (B) that
(C) whom (D) so

60. Life story of Person written by Someone else.
(A) Autobiography (B) Autocracy
(C) Biography (D) Oligrchy

61. The Himalays .........a range of Mountains.
(A) is (B) are
(C) was (D) were

62. It is very cold "Tag Question".
(A) Is not it? (B) was not it
(C) has not it (D) does not it.

63. Hardly had I left the house _______ it began to vain.
(A) then (B) but also
(C) when (D) than

64. Soldiers ___________ obey orders.
(A) may (B) might (C) must (D) shall

65. The teacher punished your brother today.
(A) what did the teacher punish today?
(B) whom did the teacher Punish today?
(C) How did the teacher punish today?
(D) Did the teacher panish today?

66. भारत में राज्य के विधानमंडल के कौन–कौन से दो सदन है?
(A) लोकसभा और राज्यसभा (B) विधान परिषद व विधानसभा
(C) लोकसभा और विधान परिषद (D) इनमें से कोई नहीं

67. भारत में किस आयु से ऊपर के व्यक्ति को मत देने का अधिकार प्राप्त है?
(A) 20 वर्ष (B) 21 वर्ष
(C) 18 वर्ष (D) 25 वर्ष

68. भारतीय संविधान के अनुसार सरकार के कितने अंग?
(A) 3 (B) 2 (C) 1 (D) 4

69. संविधान सभा की प्रथम बैठक कब हुई थी?
(A) 9 दिसम्बर, 1946 (B) 11 दिसम्बर, 1946
(C) 10 दिसम्बर, 1946 (D) 12 दिसम्बर, 1946

रफ कार्य के लिए

70. भारतीय संविधान में अवशिष्ट शक्तियाँ किसके पास है?
(A) राज्यों के पास (B) केन्द्र के पास
(C) केन्द्र व राज्य दोने के पास (D) किसी के पास भी नहीं

71. नीति–निदेशक तत्वों को किस देश से लिया गया है?
(A) आयरलैण्ड (B) आस्ट्रेलिया
(C) अमेरिका (D) रुस

72. मताधिकार की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष किस संविधान संशोधन द्वारा की गई?
(A) 42वां संविधान संशोधन 1976
(B) 44वां संविधान संसोधन 1978
(C) 52वां संविधान संशोधन 1985
(D) 61वां निविधान संशोधन 1989

73. उपराष्ट्रपति का निर्वाचन (चुनाव) किस पद्धति से होता है?
(A) एकल संक्रमणीय पद्धति (B) सूची प्रणाली
(C) वैकल्पिक प्रणाली (D) फार्ट पाष्टर पोस्ट सिस्टम

74. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई थी?
(A) 1945 (B) 1946 (C) 1947 (D) 1948

75. पंचशील समझौता किन दो देशों के बीच हुआ था?
(A) भारत और पाकिगतान (B) भारत और अमेरिका
(C) भारत और चीन (D) भारत और रूस

76. सर्वाधिक तेज गति का प्रिन्टर है?
(A) लेजर प्रिन्टर (B) जेट प्रिन्टर
(C) थर्मल प्रिन्टर (D) डेजी व्हिल प्रिंटर

77. एक आप्टिकल माउस में प्रकाश उत्सर्जन करने वाला एक यंत्र है जिसे _______ कहते है?
(A) स्विच (B) डायोड
(C) ट्रायोड (D) बल्ब

78. कम्प्यूटर में जो सूचनाएँ डालते है उसे क्या कहते है?
(A) Facts (B) Data
(C) Files (D) Directory

79. निम्नलिखित में कौनसा वेब ब्राउसर का उदाहरण नहीं है?
(A) मोजिला फायरफॉक्स (B) गूगल क्रोम
(C) सफारी (D) इंटरनेट एक्सप्लोरर

80. PDF का पूर्ण रूप है?
(A) Private Document file
(B) Portable Document format
(C) Public Document format
(D) Portable Document file

81. मानव ने सर्वप्रथम निम्न धातु का उपयोग किया?
(A) सोना (B) चांदी (C) तांबा (D) लोहा

82. आसुत जल के एक नमुने का pH मान है?
(A) शून्य (B) 14
(C) शून्य के अति निकट (D) सात के निकट

83. निम्नलिखित में से कौनसा ईंधन से सबसे कम प्रदुषण होता है–
(A) डीजल (B) कैरोसीन
(C) हाइड्रोजन (D) कोयला

84. अधिकत्तर अधातु धुसर होते है, परंतु चमकीला अधातु कौनसा है–
(A) सल्फर (B) नाइट्रोजन
(C) आयोडीन (D) कार्बन

85. प्रतिवर्ती चाप बनते हैं–
(A) लीवर में (B) मस्तिष्क में
(C) कंठ में (D) मेरूरज्जू में

86. हाइड्रोजन का समस्थानिक नहीं हैं –
(A) $_1H^1$ (B) $_1H^2$
(C) $_1H^3$ (D) $_1H^4$

87. विश्व का प्रत्येक पदार्थ अत्यन्त सुक्ष्म कणों से मिलकर बना होता है, सर्वप्रथम किसने कहा –
(A) डॉल्टन (B) कणाद
(C) रदरफोर्ड (D) एवोगाडो

88. द्विनाम पद्धति के अनुसार मानव के वैज्ञानिक नाम में जाति को प्रदर्शित करने वाला शब्द है–
(A) होमो (B) लेपियन्स
(C) लिन (D) होमोसेपियन्स

89. मानव हृदय मे कक्षो की संख्या होती है–
(A) 4 (B) 2 (C) 3 (D) 5

90. इन्द्रधनुष किस भौतिक घटना के कारण बनता है–
(A) परावर्तन (B) अपवर्तन
(C) प्रकीर्णन (D) परावर्तन व अपवर्तन

91. "Cabinet" शब्द के लिए सही पारिभाषिक शब्द है?
(A) मंत्री समूह (B) मंत्रिपरिषद
(C) मंत्रिमण्डल (D) मुख्यमंत्री

92. निम्न में से कौनसा विलोम –युग्म सही नहीं हैं?
(A) इस्ट – अनिष्ट (B) उर्वर – ऊसर
(C) आशा – निराशा (D) आपत्ति – विपत्ति

93. निम्न में से किसमें उपसर्ग और प्रत्यय दोनों का प्रयोग हुआ हैं?
(A) विशिष्टता (B) वैश्विकता
(C) प्राथमिकता (D) नैतिकता

*रफ कार्य के लिए*

94. 'संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी।' यह भारत के संविधान के किस भाग में वर्णित हैं?
(A) अनुच्छेद–342 (B) अनुच्छेद–344
(C) अनुच्छेद–343 (D) अनुच्छेद–345

95. निम्न में से व्यंजन संधि का उदाहरण हैं?
(A) रामावतार (B) प्रोज्ज्वल
(C) उज्ज्वल (D) नीरोग

96. निम्न में से द्वंद्व समास किसमे नहीं हैं?
(A) धर्माधर्म (B) रुपया–पैसा
(C) घर–घर (D) दाल–रोटी

97. निम्न में से कौन–सा शब्द कामदेव का पर्याय नहीं हैं?
(A) अनंग (B) मदन
(C) पुष्पधन्वा (D) शचीपति

98. 'तरणी – तरणि' शब्द युग्म का उपयुक्त अर्थ युग्म होगा?
(A) नाव – सुर्य (B) युवती – नाव
(C) सुर्य – युवती (D) सुर्य– नाव

99. 'ओछा आदमी अधिक इतराता है।' के लिए उचित कहावत होगी–
(A) अंधों में काना राजा (B) अधजल गगरी छलकत जाय
(C) नाच ने जाने आँगन टेढ़ा (D) नेकी और पूछ–पूछ

100. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य हैं?
(A) मेरी बात ध्यान के साथ सुनो।
(B) एक लोटा पानी से भरा लाओ।
(C) वह सारी रातभर जागता रहा।
(D) साहित्य और समाज का घनिष्ठ संबंध हैं।

101. दलथंभन उपाधि द्वारा विभूषित राजा था।
(A) चन्द्रसेन (B) जसवंत सिंह
(C) गजसिंह (D) उदयसिंह

102. फुलडोल मेला कब आयोजित होता है?
(A) चौत्र माह कृष्ण पक्ष (B) ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष
(C) पोष माह (D) कार्तिक माह पुनम

103. चम्बल व कालीसिंध का संगम स्थल है–
(A) नौनेरा (कोटा) (B) सवाईमाधोपुर
(C) चूलिया (भैंसरोडगढ़) (D) रामेश्वर (सवाईमाधोपुर)

104. अंग्रेजों से सहायक संधि करने वाली अन्तिम रियासत है–
(A) सिरोही (B) करौली (C) जोधपुर (D) कोटा

105. मरूस्थल का सागवान है–
(A) रोहिडा (B) कैर (C) खेजडी (D) कीकर

106. नथमल की हवेली स्थित है–
(A) जैसलमेर (B) जोधपुर
(C) झुझुनू (D) जयपुर

107. जैतारण किस जिले में स्थित है?
(A) पाली (B) ब्यावर (C) अजमेर (D) केकड़ी

108. गारनेट का सर्वाधिक उत्पादन वाला जिला हैं–
(A) अजमेर (B) राजसमन्द
(C) टोंक (D) धौलपुर

109. एकी आन्दोलन किसने चलाया था?
(A) भोगीलाल पाण्डे (B) मोतीलाल तेजावत
(C) माणिक्यलाल वर्मा (D) रामनारायण चौधरी

110. IGNP में लिफ्ट नहरों की संख्या है–
(A) 8 (B) 7 (C) 4 (D) 6

111. ब्रह्मा जी का मन्दिर, आसोतरा किस जिले में स्थित है
(A) बालोतरा (B) चौहटन (C) जोधपुर (D) बाड़मेर

112. लिगानुपात की दृष्टि से प्रथम जिला है–
(A) अजमेर (B) डूंगरपुर (C) उदयपुर (D) जयपुर

113. 'सुरज प्रकाश' ग्रन्थ किसके द्वारा लिखा गया?
(A) करणीदान (B) कान्हडदेव
(C) सागरदान (D) शिवदास

114. कौनसी नदी अरब सागर में नहीं गिरती है?
(A) लुणी (B) पश्चिमी बनास
(C) माही (D) बनास

115. कोडरमा किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है?
(A) ताँबा (B) लौह अयस्क
(C) बॉक्साइड (D) अभ्रक

116. राजस्थान का सबसे पश्चिमी भाग का देशांतर विस्तार है–
(A) 69°30' पूर्वी देशांतर (B) 69°30' पश्चिमी देशांतर
(C) 78°17' पुर्वी देशांतर (D) 78°17' पश्चिमी देशांतर

117. ग्वालियर नृत्य किस जनजाति का प्रमुख नृत्य है?
(A) मीना (B) कंजर
(C) डामोर (D) गरासिया

118. नरहड़ का उर्स कहाँ आयोजित होता है?
(A) नागौर (B) सरवाड
(C) झुंझुनू (D) गलियाकोट

119. कोटा में 1857 की क्रांति का नेतृत्व किसने किया?
(A) कुशाल सिंह (B) लाला जयदयाल
(C) मोती खां (D) तिलकराम

120. संयुक्त राजस्थान का प्रधानमंत्री कौन था?
(A) भूपाल सिंह (B) माणिक्य लाल वर्मा
(C) हीरालाल शास्त्री (D) के.एम.मुंशी

121. विश्व की सबसे बड़ी खाड़ी है–
(A) हडसण की खाड़ी (B) बंगाल की खाडी
(C) मेक्सिको की खाड़ी (D) फारस की खाडी

रफ कार्य के लिए

122. भूमध्य सागर एवं अंटलाटिक महासागर को जोड़ने वाली जल संधि है–

(A) डेविस जलसंधि (B) मेसिना जलसंधि
(C) जिब्राल्टर जलसंधि (D) बोनी केलियो जलसंधि

123. पाक जल संधि किन दो देशों को अलग करती है?

(A) भारत एवं पाकिस्तान (B) भारत एवं म्यांमार
(C) भारत एवं श्रीलंका (D) पाकिस्तान एवं ईरान

124. प्रथम विश्व युद्ध के समय ब्रिटेन का प्रधानमंत्री कौन था?

(A) हेराल्ड विलसन (B) विन्स्टन चर्चित
(C) क्लिमेंट रिचर्ड एटली (D) लायड जॉर्ज

125. प्रथम विश्व युद्ध कब लड़ा गया?

(A) 1914–18 (B) 1940–48
(C) 1938–44 (D) 1930–35

126. थेवा कला किस जिले से संबंधित है?

(A) उदयपुर (B) जैसलमेर
(C) प्रतापगढ़ (D) झालावाड़

127. करौली में कौनसा मन्दिर स्थित है?

(A) रणकपुर जैन मन्दिर (B) कैला देवी मन्दिर
(C) तन्नोट माता मन्दिर (D) गोविन्द देवजी मन्दिर

128. राजस्थान राज्य की कुल स्थलीय सीमा कितनी है?

(A) 1070 km (B) 5000 km
(C) 7700 km (D) 5920 km

129. भारत में हरित क्रान्ति के जनक कौन थे?

(A) पी. सी. महालनोबिस (B) डै. स्वामिनाथन
(C) वर्गिज कुरियन (D) विजय केलकर

130. नीति आयोग का अध्यक्ष कौन होता है?

(A) गृहमंत्री (B) प्रधानमंत्री
(C) वित्तमंत्री (D) मुख्य न्यायधीश

131. राजस्थान का क्षेत्रफल भारत के क्षेत्रफल का कुल कितने प्रतिशत है?

(A) 5.40% (B) 19.20% (C) 15.20% (D) 10.41%

132. पानीपत का तृतीय युद्ध कब हुआ?

(A) 1526 (B) 1556 (C) 1586 (D) 1761

133. 'अर्जुन की गंगा' के नाम से कौनसी नदी जानी जाती है?

(A) सुकडी (B) पार्वती (C) बाणगंगा (D) बनास

134. आजादी से पहले राजस्थान का क्षेत्र कहलाता था?

(A) संयुक्त प्रान्त (B) मध्य प्रान्त
(C) बंग प्रदेश (D) राजपुताना

135. राजस्थान के शिक्षा मंत्री का नाम है?

(A) श्री भजन लाल शर्मा (B) श्री ओटाराम देवासी
(C) श्री मदन दिलावर (D) श्री जोगेश्वर गर्ग

136. सांचौर जिला कौनसे संभाग में आता है?

(A) जोधपुर (B) जयपुर (C) पाली (D) भरतपुर

137. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बधित नियमो को निर्धारित करता है?

(A) WTO (B) UNO
(C) RBI (D) यह सभी

138. ऋण के औपचारिक स्त्रोतों मे शामिल नहीं है–

(A) बैंक (B) साहूकार
(C) सहकारी समितियाँ (D) इनमे से कोई नहीं

139. केन्द्र सरकार की ओर से करेंसी नोट जारी करता है–

(A) भारतीय रिजर्व बैंक (B) भारतीय स्टेट बैंक
(C) यूनियन बैंक (D) इनमे से कोई नहीं

140. बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा किए गए निवेश को क्या कहते हैं?

(A) उत्पादन (B) व्यय
(C) वितरण (D) विदेशी निवेश

141. कारगिल फूड्स किस देश की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है?

(A) अमेरिका (B) भारत (C) फ्रांस (D) कनाडा

142. चम्बल की सहायक नदी है–

(A) माही (B) क्षिप्रा (C) बांडी (D) व्यास

143. राजस्थान का सबसे आद्र जिला है–

(A) माउंट आबू (B) झालावाड
(C) कोटा (D) बारां

144. कोपेन के द्वारा राजस्थान की जलवायू को कितने क्षेत्रों में बांटा है?

(A) 4 (B) 5 (C) 3 (D) 6

145. निम्न में सावणु फसल है–

(A) गेंहु (B) मसूर (C) गन्ना (D) सूरजमुखी

146. राजस्थान में नर्मदा नहर की शुरुआत कब हुई?

(A) 2016 (B) 2008 (C) 2007 (D) 2009

147. राजस्थान के किस जिले में सर्वाधिक राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते है?

(A) जयपुर (B) कोटा (C) जोधपुर (D) अजमेर

148. जालौर दुर्ग किस श्रेणी का दुर्ग है?

(A) वन दुर्ग (B) धन्व दुर्ग
(C) सैन्यदुर्ग (D) पारिख दुर्ग

149. जयसमन्द झील किस जिले में स्थित है?

(A) उदयपुर (B) राजसमन्द
(C) अजमेर (D) बांसवाड़ा

150. वर्ष 2023–24 में राजस्थान की GDP में निम्न में से किस क्षेत्र का सबसे ज्यादा योगदान है?

(A) कृषि (B) उद्योग
(C) आबकारी शुल्क (D) GST

रफ कार्य के लिए

# श्री जेतेश्वर संकल्प ज्योति जिला स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा, सांचौर

## आयोजक कमेटी की पाती विद्यार्थियों के नाम

**प्रिय विद्यार्थियों,**

जेतेश्वर संकल्प ज्योति प्रतिभा जिला स्तरीय परीक्षा सांचौर में भाग लेने पर बधाई के पात्र है। आप सभी विद्यार्थियो ने पूर्व परीक्षा भी अच्छे प्रतिशत से सफलतापूर्वक पूर्ण की है। स्नातक की परीक्षा पास करने के बाद आगे की परीक्षाएँ प्रतियोगिता परीक्षाएँ होती हैं, जिनमें कठिन परिश्रम, पूर्ण ईमानदारी और लगन, कठोर अनुशासन और सतत अभ्यास, तार्किक और बौद्धिक दृष्टिकोण, विश्लेषणात्मक ज्ञान और उचित मार्गदर्शन से ही सफलता पाई जा सकती हैं, मै समझता हूँ कि जो आने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं तथा कॅरियर के लिए एक मजबूत आधार बनेगा, ऐसा मेरा विश्वास है। जेतेश्वर संकल्प ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा आपके लिए मील का पत्थर साबित होगी।

किताबी शिक्षा ही असली शिक्षा नहीं है, व्यावहारिक जीवन कोरे सिद्धांतों और कागजी ज्ञान से नहीं चलता है, इसके लिए ज्ञान को और पढाई को असली जीवन में उतारना पड़ता है, यदि हम कोरे किताबी कीड़े बनकर या कुछ किताबें रटा मारकर यदि कुछ बन भी जाएंगे तो हमारा बनना भी आधा अधूरा और अधकचरे जैसा होगा, जो हमारे समाज और मानवता के सेवा में उपयोगी नहीं होगा।

मुझे भरोसा है कि तुम एक अच्छे इंसान बनोगे, एक अच्छे विद्यार्थी बनोगे, तुम अच्छे और नेक नागरिक बनोंगे, एक निष्पक्ष और बुद्धियुक्त विचारों वाले भारतीय बनोगे, तुम अच्छे संस्कारवान और सुशिक्षित नागरिक बनोंगे। तुम अपने जीवन की प्राथमिकताएँ और लक्ष्य अपने अनुसार तय करो। मैं चाहूंगा कि अब आप स्नातक हो चुके या अग्रसर है,तुमको अपने जीवन की प्राथमिकताएं और जीवन लक्ष्यों को समय पर तय करना है।

***'समय' पर तय कर लो, आपको क्या करना है।***
***वरना 'समय' तय करेगा, आपका क्या करना है।***

सफलता का पैमाना सिर्फ कोई पद पाना, पैसा कमाना और प्रतिष्ठा पाना मात्र नहीं है,बल्कि एक अच्छा नेक इंसान बनकर देश,समाज और पीड़ित मानवता की सेवा में लग जाना है। तुम्हारे लिए तार्किकता और बौद्धिक का दृष्टिकोण सदैव बना रहे। परीक्षा इसलिए नहीं ली जाती की आप उसमें से कितने अंक प्राप्त करते हैं, बल्कि इसलिए ली जाती हैं कि आप उस मुमकिन कार्य करने को कितने सक्षम हैं या फिर आपकी काबिलियत क्या है। कम अंक हमें हताश होने के लिए नहीं बल्कि भविष्य में बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

**शुभकामनाओं सहित...**


**श्री जोधाराम देवासी**
परीक्षा संयोजक
मयूर महाविद्यालय, पांचला
फोन: 9828929342

**श्री रतनाराम पी देवासी**
अध्यक्ष देवासी संकल्प
सेवा संस्थान राजस्थान
फोन: 9833978346